भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1011
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 2 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

एएसआई के अंतर्गत मंदिर

1011. श्री तेजस्वी सूर्या:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा अनुरक्षित कार्यशील और अकार्यशील हिंदू मंदिरों/ मंदिर-स्थलों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) ऐसे कार्यात्मक और गैर- कार्यात्मक मंदिरों की संख्या की सूची का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार बंद पड़े हिंदू स्थलों के पुनरूद्धार और जीर्णोद्धार को कार्यशील मंदिरों में बदलने की अनुमति देने की योजना बना रही है;
(घ) यदि हां, तो ऐसे प्रस्तावों की सूची क्या है और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ड.) क्या सरकार ने पहले किन्हीं अन्य मंदिरों का पुनर्वास और जीर्णोद्धार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): देश में 3697 प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष, प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित हैं। राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) और (घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित इन स्मारकों और स्थलों की मौलिकता को बनाए रखने तथा उनको भावी-पीढ़ी को सौंपने के लिए उनकी आवश्यकता के अनुसार रख-रखाव करता है।

(ड.): जिला रूद्रप्रयाग, उत्तराखंड में स्थित केदारनाथ मंदिर जो वर्ष 2013 में बादल फटने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था, का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा पुनरूद्धार किया गया।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 02.12.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1011 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

देश में संरक्षित स्मारकों और संरक्षित क्षेत्रों की राज्यवार संख्या ।

क्रम सं .	राज्य का नाम	संरक्षित स्मारक/क्षेत्र
1.	आंध्र प्रदेश	135
2.	अरुणाचल प्रदेश	03
3.	असम	55
4.	बिहार	70
5.	छत्तीसगढ	46
6.	दमन एवं दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	11
7.	गोवा	21
8.	गुजरात	205
9.	हरियाणा	91
10.	हिमाचल प्रदेश	40
11.	जम्मू और कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र)	56
12.	झारखंड	13
13.	कर्नाटक	506
14.	केरल	29
15.	लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	15
16.	मध्य प्रदेश	291
17.	महाराष्ट्र	286
18.	मणिपुर	01
19.	मेघालय	08
20.	मिजोरम	01
21.	नागालैंड	04
22.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	173
23.	ओडिशा	81
24.	पुडुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	07
25.	पंजाब	33
26.	राजस्थान	163
27.	सिक्किम	03
28.	तेलंगाना	08
29.	तमिलनाडु	412
30.	त्रिपुरा	08
31.	उत्तर प्रदेश	743
32.	उत्तराखंड	44
33.	पश्चिम बंगाल	135
	कुल	3697

*****